पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से भारतीय प्रशासनिक सेवा 2023 बैच के परिवीक्षाधीन 16 प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुलाकात

हमेशा अपना सर्वोत्तम करने की कोशिश करें

अच्छे कार्यों से प्रेरित होकर प्रभावी ढंग से कार्य करें प्रशिक्षु

भ्रष्टाचार मुक्त तथा पारदर्शिता पूर्ण कार्य करें

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 24 जून, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2023 बैच के परिवीक्षाधीन 16 प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की।

राज्यपाल जी ने प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद कर उन्हें कर्तव्य बोध के लिए प्रोत्साहित किया व जनशिकायतों के युक्तियुक्त निस्तारण के निर्देश दिए।

राज्यपाल जी ने उपस्थित अधिकारियों से गांव भ्रमण, महिलाओं बेटियों की स्थिति, प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति देखकर उसमे आवश्यक सुधार हेतु भी निर्देशित दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा किसी भी योजना हेतु स्वीकृत अनुदान का समुचित उपयोग करें। राज्यपाल जी ने अधिकारीगणों को सलाह देते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार कार्य करें व हमेशा अपना सर्वोत्तम करने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल जनपद या तहसीलों में एक भी बच्चा विद्यालय में नामांकन से वंचित न हो इस बात का विशेष प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि

अच्छे कार्यों से प्रेरित होकर प्रभावी ढंग से कार्य करें, किसी भी कार्य हेतु निर्धारित नियमों का गहराई से अध्ययन कर संबंधित फाइलों को पढ़ें तथा सक्रियता से कार्य करें।

राज्यपाल जी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता के प्रतिनिधि के तौर पर जनता के साथ जुड़कर कार्य करें, किसी भी प्रकार का भेदभाव ना करें। उन्होंने कहा कि जनपदों में दसवीं कक्षा से ऊपर के बच्चों को जेल व वृद्धाश्रम का भ्रमण कराएं, जिससे वे अपराध ना करने के प्रति प्रेरित हों और उनमें माता–पिता के प्रति सेवा भाव की भावना का विकास हो। जेल और वृद्धाश्रम को उन्होंने समाज के साथ जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को भ्रष्टाचार मुक्त तथा पारदर्शिता पूर्ण कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया और हर वर्ष अपने कार्यानुभवों को पुस्तक रूप में संकलन हेतु प्रेरित किया।

राज्यपाल जी का स्वागत महानिदेशक उपाम श्री एल0 वेंकटेश्वर लू द्वारा पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज्यपाल जी को अपना परिचय देते हुए परिवीक्षा अवधि में किये गये कार्यों तथा उनसे प्राप्त अनुभवों के बारे में बताया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक श्री देवेश चतुर्वेदी सहित प्रशिक्षु अधिकारी आदि मौजूद रहे।

कृष्ण कुमार/ सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9454468250